लपारवाही

डॉक्टर और स्टाफ की नियुक्ति नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी

# खून की कमी से जूझ रही गर्भवती महिलाएं अस्पतालों के लगा रही चक्कर

**नवभारत,बनगांव/दमोह।** जिले के पटेरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बनगांव में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर ग्रामीणों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक ओर आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं के लिए आयरन सुक्रोज उपलब्ध नहीं होने की बात सामने आई है, वहीं दूसरी ओर करीब 306.80 लाख रुपये की लागत से तैयार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण और लोकार्पण के करीब 18 माह बाद भी स्वास्थ्य सेवाएं शुरू होने का इंतजार कर रहा है। ऐसे में लाखों रुपये की लागत से तैयार आधुनिक स्वास्थ्य भवन ग्रामीणों के लिए फिलहाल महज शोपीस बनकर रह गया है।ग्रामीणों के अनुसार, बनगांव उप स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्भावस्था के दौरान पांच माह पूर्ण होने के बाद सीबीसी जांच के माध्यम से हीमोग्लोबिन सहित अन्य आवश्यक जांच कराई जाती हैं। यदि जांच में महिला के शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी सामने आती है, तो चिकित्सकीय सलाह और आवश्यकता के अनुसार आयरन की कमी को दूर करने के लिए आयरन सुक्रोज दिया जाता है। बताया जा रहा है कि आयरन सुक्रोज सामान्यत: नॉर्मल सलाइन में मिलाकर ड्रिप के माध्यम से धीरे-धीरे दिया जाता है। लेकिन बनगांव उप स्वास्थ्य केंद्र में इसकी उपलब्धता नहीं होने से जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं को दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों का रुख करना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि बनगांव से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा करीब 20 से 25 किलोमीटर, सिविल अस्पताल हटा करीब 16 किलोमीटर और जिला अस्पताल दमोह करीब 22 किलोमीटर की दूरी पर है।



### भवन तैयार, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं का इंतजार

ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर नए भवनों का निर्माण करा रही है, वहीं दूसरी तरफ भवन तैयार होने के बाद भी डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होने से उसका उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है।बनगांव और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सामान्य उपचार से लेकर गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए भी हटा, पटेरा अथवा दमोह जाना पड़ता है। इससे मरीजों का समय और पैसा दोनों खर्च होते हैं। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर मरीजों के लिए लंबी दूरी तय करना परेशानी का कारण बनता है।

### स्थानांतरण के बाद नहीं मिल रही आयरन सुक्रोज की सुविधा

इस मामले में जब एएनएम रजिया बेगम से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि जब बनगांव उप स्वास्थ्य केंद्र में सीएचओ मीना लोधी पदस्थ थीं, उस समय यहां आयरन सुक्रोज उपलब्ध रहती थी और गर्भवती महिलाओं को इसके लिए बाहर नहीं जाना पड़ता था।एएनएम के अनुसार, सीएचओ मीना लोधी के स्थानांतरण के बाद से उप स्वास्थ्य केंद्र में आयरन सुक्रोज उपलब्ध नहीं है।हालांकि, आयरन सुक्रोज की उपलब्धता और वितरण की जिम्मेदारी से जुड़े विभागीय स्तर के कारणों की आधिकारिक पुष्टि संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों से होना बाकी है। ऐसे में ग्रामीणों की मांग है कि स्वास्थ्य विभाग मामले की जांच कर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करे, ताकि गर्भवती महिलाओं को अनावश्यक रूप से दूर अस्पतालों के चक्कर न लगाने पड़ें।

### 3.06 करोड़ का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, फिर भी इलाज के लिए भटक रहे ग्रामीण

बनगांव में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से शासन द्वारा करीब 306.80 लाख रुपये की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया गया। भवन का निर्माण फरवरी 2025 में पूरा होने के बाद 28 फरवरी 2025 को इसका लोकार्पण भी किया गया था।लोकार्पण कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष रंजिता गौरव पटेल की अध्यक्षता में एवं हटा विधायक उमादेवी खटीक की उपस्थिति में आयोजित हुआ था। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने के बाद उन्हें गांव में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी और छोटी-बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए हटा या दमोह नहीं जाना पड़ेगा।लेकिन लोकार्पण के बाद करीब 18 माह बीत जाने के बाद भी ये स्थिति।

### ग्रामीणों ने की जल्द स्वास्थ्य सुविधाएं शुरू कराने की मांग

ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन से मांग की है कि बनगांव उप स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं के लिए आवश्यक आयरन सुक्रोज सहित जरूरी दवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।इसके साथ ही करीब 306.80 लाख रुपये की लागत से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जल्द से जल्द डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और अन्य आवश्यक अमले की नियुक्ति कर स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ कराई जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य भवन का लोकार्पण केवल औपचारिकता बनकर नहीं रहना चाहिए। जिस उद्देश्य से करोड़ों रुपये खर्च कर भवन तैयार किया गया है, उसका वास्तविक लाभ ग्रामीणों को मिलना चाहिए।अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले में क्या कदम उठाता है और बनगांव के ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ कब तक मिल पाता है।

# लायसेंसी दुकानों से गांव-गांव अवैध शराब की सप्लाई

## शराब बेचने वालों की सूची तैयार कर एसडीएम को सौंपी



**नवभारत, तेंदुखेड़ा। विकासखण्ड अंतर्गत आने वाली शराब दुकान तेंदूखेड़ा, तारादेही, झलौन, तेजगढ़ से निरन्तर शराब ठेकेदारों द्वारा गाँव गाँव में शराब पहुँचाई जा रही है। शराब दुकान के सीसीटीवी फुटेज जाँच कर उक्त शराब दुकान पर कार्यवाही की जाये तथा लायसेंस शराब दुकान के लायसेंस रद्द किये जाये।**

प्रशासन उन सभी ठिकानों पर भी छापामार कार्यवाही करें जहाँ पर लायसेंसी शराब दुकान से अवैध शराब का विक्रय किया जा रहा है।भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा नशामुक्ति अभियान के माध्यम से क्षेत्र में हजारों जगह अवैध शराब पकड़वाई जा चुकी है। इसके बाद भी अवैध शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। इस मामले में भगवती मानव कल्याण संगठन एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर इस बात से अवगत कराया गया।

### ये हैं मांगे

जिसमें मांग की गई कि प्रत्येक शराब दुकान की सैंपलिंग कर जाँच कराई जाये। जब तक जाँच रिपोर्ट नहीं आ जाती है तब तक शराब दुकानें पूर्णत: बंद रखी जाये। जिस थाना अंतर्गत शराब बेचता पाया जाये और जिस थाना प्रभारी द्वारा अवैध शराब बेचने वाले पर कार्यवाही न की जाये, उस थाना प्रभारी को उस थाने से हटाया जाये। शराब दुकानों पर संगीन आपराधिक प्रवृत्तियों के लोग काम कर रहे हैं उन्हें तुरन्त हटाया जाये एवं शराब दुकानों पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की लिस्ट पता सहित दुकान के सामने चस्पा की जावे। शराब दुकान से अवैध शराब का परिवहन करने वाले लोगों पर एक बार से अधिक पकड़े जाने पर धारा 151 के तहत कार्यवाही की जावे एवं शराब दुकान के गद्दीदार पर प्रकरण पंजीबद्ध किया जाये।

# थाना परिसर में त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक

- पंडाल, बड़ी प्रतिमा और जुलूस को लेकर समिति सदस्यों को सौंपी जिम्मेदारी





**नवभारत, कुम्हारी।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर कुम्हारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी ब्रजेश पांडे ने ग्रामीण जन, जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं के साथ त्योहारों की व्यवस्थाओं सहित सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। थाना प्रभारी ने कहा कि गणेश उत्सव के दौरान सभी गणेश समितियां अपनी जिम्मेदारी और सहभागिता सुनिश्चित करें। विशेष रूप से बड़े पंडाल, बड़ी प्रतिमाओं एवं जुलूस के दौरान समिति के अध्यक्ष और सचिव सक्रिय रहकर व्यवस्थाओं पर ध्यान दें, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। डीजे पर फूहड़ गाने नहीं बजाये, तार कटे फ़टे बिजली के उपयोग नहीं करना है, विधुत कनेक्शन लेकर पंडाल मे सप्लाई चालू करें। बैठक में लाउड स्पीकर एवं डीजे निर्धारित मानकों के अनुरूप बजाने की बात कही गई। साथ ही त्योहार के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने और शांतिपूर्ण वातावरण में आयोजन करने की अपील की गई। बैठक में पंडित नर्मदा प्रसाद दुबे, गणेश चौबे, उत्तम सिंह, आशुतोष दुबे, अजय यादव, हल्के भाई जैन, दिलीप ठाकुर, वीर सिंह सहित ग्रामीण जन, जनप्रतिनिधि एवं युवा उपस्थित रहे।

# संत रविदास के कलश आगमन पर किया गया स्वागत

- संस्कृति मंत्री ने सिर पर कलश रखकर मंदिरों में किया स्थापित





**नवभारत, तेंदूखेड़ा।** रविदास महाराजजी की 650 जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर पूरे देश में काशी के जन्म स्थान की मिट्टी जल कलशों में भरकर पूरे देश में शोभा यात्रा निकालकर पूरे देश के रविदास मंदिरों में कलश स्थापित किए जा रहे हैं। उसी के तहत संस्कृति मंत्री धर्मेंद्रसिंह क्षेत्र में पांच दिवसीय कलश शोभा यात्रा के साथ पांजी पिंडरई बम्होरी होते हुए तेंदूखेड़ा पहुंचे। जहां कलश को सिर पर रखकर रविदास मंदिर में स्थापित कर गुरुजी द्वारा लिखित गुरुवाणी को मंदिर में स्थापित किया। उसके बाद उपस्थित माताओं बहनों ने पुष्प बरसा कर रविदास की वाणी और उपदेशों को लोगो के बीच रखा। लोगों से सात्विक जीवन जीने को कहा साथ ही नशे से दूरी अच्छी शिक्षा ग्रहण करने की अपील कर संत शिरोमणि रविदास के बताए हुए मार्ग पर चलने की अपील की। लोगों की मांग पर अगले वित्त वर्ष में 25 लाख रुपए की लागत का मंगल भवन बनवाने की घोषणा की। इस दौरान मंत्री धर्मेंद्र सिंह के भाई सत्येंद्र सिंह ने उपस्थित जनों का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनीता शिंग, नपा उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, पार्षद गोविंद यादव, मंडल अध्यक्ष संतराम पाल, चेतन जैन विधायक प्रतिनिधि राजू राशिया, माते कांदीलाल, तिलक अहिरवार, सुरेंद्र अहिरवार मनोज अहिरवार रेवा राम अहिरवार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पटेरा में घर में घुसे चोर बहू के जेवर और 50 हजार की नकदी ले उड़े

**नवभारत,पटेरा/दमोह.** पटेरा थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगर परिषद पटेरा के वार्ड नंबर 02,कुंडलपुर रोड पर चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए जेवरात और हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। घटना 9 सितंबर 2026 की रात की बताई जा रही है। पीड़िता नेहा अहिरवार पति धनीराम अहिरवार द्वारा पटेरा थाना प्रभारी को दिए गए शिकायत आवेदन के अनुसार,घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे।



### एक नजर में



## गौर राधा रमण मंदिर में छठी महोत्सव और मटकी फोड़ उत्सव धूमधाम से संपन्न

**नवभारत,दमोह।** शहर और जिले भर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपरांत जगह-जगह मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में दमोह शहर के श्री गौर राधा रमण मंदिर में छठी महोत्सव व मटकी फोड़ उत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया।छठी महोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर द्वारा भव्य श्री हरि नाम संकीर्तन' का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर श्रीमती मीना पाठक की भजन मंडली द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई।भजन संध्या में बड़ी संख्या में भक्तवृंद, माताएं-बहनें पहुंचीं और भजनों का आनंद लिया। संकीर्तन के उपरांत आयोजित मटकी फोड़ कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और आनंद लिया। **छठी महोत्सव क्यों मनाया जातो है-** जन्माष्टमी के बाद छठी महोत्सव भगवान श्री कृष्ण के जन्म के छठवें दिन बुधवार को मनाया गया। श्री गौर राधा रमण मंदिर के पुजारी पंडित शिव प्रसाद दुबे,पंडित अभिषेक पांडे, खिलेंद्र तिवारी नामकरण और शुद्धिकरण- हिंदू परंपरा में बच्चे के जन्म के छठवें दिन उसका शुद्धिकरण,नामकरण और छठी पूजन किया गया। मान्यता है कि इसी दिन विधाता बालक का भाग्य लिखने आते हैं।




## सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा जिला कार्यसमिति बैठक व कार्यशाला आयोजित

**नवभारत,दमोह।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय,दमोह में आगामी सेवा संकल्प अभियान को लेकर जिला कार्यसमिति बैठक एवं कार्यशाला संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता श्याम शिवहरे, जिलाध्यक्ष भाजपा दमोह ने की।बैठक में श्रीमती अर्चना सिंह प्रदेश मंत्री भाजपा मध्यप्रदेश व जिला प्रभारी दमोह, धर्मेंद्र सिंह लोधी राज्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं विधायक जबेरा,राहुल सिंह लोधी सांसद दमोह लोकसभा, श्रीमती उमा देवी खटीक विधायक हटा,डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त), श्रीमती सोनाबाई पूर्व विधायक, पी.एल. तंतुवाय पूर्व विधायक, गोपाल पटेल प्रदेश महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा,राम पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा,राजेंद्र गुरु पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दमोह, नरेंद्र व्यास पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा दमोह,विद्यासागर पांडे पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा दमोह,प्रीतम सिंह लोधी पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा दमोह,महेश पटेल,अरुण तिवारी व रामेश्वर चौधरी जिला महामंत्री भाजपा दमोह तथा भाव सिंह लोधी वरिष्ठ नेता मंचासीन रहे।

# अवैध पशु परिवहन, दुधारू पशुओं की चोरी, गौवंश की तस्करी पर पूर्ण प्रतिबंध

- पशु वध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही किए जाने को लेकर ज्ञापन



**नवभारत,दमोह.** जिले में दुधारू पशुओं की चोरी, अवैध परिवहन, गौवंश की तस्करी व पशु वध से संबंधित घटनाओं की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। ऐसी घटनाओं के कारण पशुपालकों को आर्थिक व मानसिक रूप से गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दुधारू पशु अनेक परिवारों की आजीविका का प्रमुख साधन होते हैं तथा उनकी चोरी से संबंधित परिवार की रोजी-रोटी पर सीधा प्रभाव पड़ता है।स्थानीय स्तर पर पशुपालकों द्वारा पशुओं के चोरी होने की शिकायत संबंधित पुलिस चौकियों व थानों में किए जाने के बावजूद कई मामलों में केवल गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज किए जाने तथा प्रभावी जांच एवं कार्रवाई न होने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इससे पशु चोरी व अवैध परिवहन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं होने की स्थिति उत्पन्न हो रही है।दमोह नगर स्थित कसाई मंडी क्षेत्र में अवैध पशु परिवहन व पशु वध को रोकने के उद्देश्य से पुलिस चौकी व सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था किए जाने की जानकारी है। किंतु स्थानीय स्तर पर यह शिकायत सामने आ रही है कि कई सीसीटीवी कैमरे वर्तमान में बंद या निष्क्रिय हैं तथा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अपेक्षित नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। अत: इस संबंध में प्रशासन द्वारा मौके पर जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट कर आवश्यक कार्रवाई किया जाना आवश्यक है।इसी प्रकार जिले के राजपुरा वन क्षेत्र से भी गौवंश के अवैध परिवहन एवं तस्करी से संबंधित शिकायतें लगातार प्राप्त होने की बात सामने आ रही है।यदि इन शिकायतों में तथ्य पाए जाते हैं, तो यह गंभीर विषय है तथा अंतरजिला व अंतरराज्यीय स्तर पर पशु तस्करी को रोकने के लिए प्रभावी निगरानी एवं कार्रवाई आवश्यक है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत,परिजनों का आरोप जहरीली शराब पीने से हुई मौत

**नवभारत,दमोह।** देहात थाना क्षेत्र की सागर नाका चौकी के पीछे रहने वाले 32 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार रात जिला अस्पताल में मौत हो गई। बुधवार दोपहर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सोपा गया। परिजनों का आरोप है कि उनके क्षेत्र में अवैध शराब बिकती है इस शराब की पीने से युवक की मौत हुई है। शराब में कुछ जहरीली चीज मिली होगी। हालांकि पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही कारण पता लगने की बात कही है। मृतक की पहचान 32 वर्षीय मनीष पिता रमेश जोगी निवासी सागर नाका के रूप में हुई है।



# महिला एवं बाल विकास विभाग में पोषण माह का आयोजन





**नवभारत, पथरिया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 अंतर्गत पोषण विषय को जनांदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जाता है, इस वर्ष सितंबर से 9 वें पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है।** इस वर्ष की मुख्य थीम 'हमारी ऑगनबाडी हमारी जिम्मेदारी' है। 9 वें राष्ट्रीय पोषण माह का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, देखभाल एवं प्रारम्भिक बाल्यावस्था विकास से संबंधित सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना तथा पोषण सेवाओं के प्रति सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाबदेही को बढ़ावा देना है, इसी के अंतर्गत आहार विविधता एवं पर्याप्त केन्द्रों पर ताजा एवं विविधतापूर्ण गर्म पका भोजन, सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाबदेही, बाल विकास हेतु पोषण एवं प्रारम्भिक विकास संबंधी गतिविधियां, प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से मातृ स्वास्थ्य हेतु सहायता पर आधारित पोषण माह की गतिविधियों का आयोजन 9 सितंबर से 8 अक्टूबर तक किया जाएगा। राष्ट्रीय पोषण माह का औपचारिक शुभारंभ राष्ट्रीय स्तर वाराणसी उत्तर प्रदेश से किया गया। इसके साथ ही जिला महिला एवं बाल विकास परियोजना पथरिया अंतर्गत ऑगनबाडी केंद्रों पर रैली निकालकर एवं वेबकास्ट लिंक के माध्यम से राष्ट्रीय पोषण माह शुभारम्भ के सजीव प्रसारण से जुड़े।



## माटी गणेश से पर्यावरण संरक्षण का संदेश, हिरदेपुर में प्रशिक्षण

**नवभारत,दमोह।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा शासकीय हाई स्कूल हिरदेपुर में माटी गणेश,सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं व परामर्शदाताओं ने सहभागिता की। प्रशिक्षण में मिट्टी से गणेश प्रतिमा निर्माण की प्रक्रिया, पर्यावरण संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के महत्व की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों व समिति सदस्यों को पर्यावरण अनुकूल गणेश उत्सव मनाने और समाज में मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं के उपयोग के लिए लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया गया।

## एसडीएम और थाना प्रभारी के नाम जबेरा तहसील में ज्ञापन सौंपा

**नवभारत,दमोह।** गांव-गांव बिकती रही शराब तो सागर बंडा जैसी स्थिति जबेरा विधानसभा में भी हो सकती है। भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने जबेरा तहसील पहुंचकर एसडीएम के नाम व थाना प्रभारी जबेरा को ज्ञापन सोंपा। किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंह राजपूत व संभागीय अध्यक्ष डॉ सुजान सिंह ने बताया कि संगठन द्वारा अभी तक दर्जनों ज्ञापन गांव-गांव अबैध शराब विक्रय के खिलाफ दिए गए हैं लेकिन शासन प्रशासन द्वारा कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की जा रही है हम सभी ने देखा कि सागर जिले में जहरीली शराब पीने से 35 से अधिक लोगों की मौतें हो चुकी है और 150 लोगों से ज्यादा अस्पताल में भर्ती हैं ऐसी घटना हमारे जबेरा विधानसभा में ना घटे इसी उद्देश्य को लेकर संगठन ने ज्ञापन सौंपा।



# अवैध शराब पर की बड़ी कार्यवाही

**कुम्हारी।** अवैध शराब पर कुम्हारी पुलिस का शिकंजा, कई आरोपियों पर कार्रवाई भेजा जेल पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कुम्हारी थाना प्रभारी ब्रजेश पांडे के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा और उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया।

कार्रवाई के दौरान शिव सिंह उर्फ जिनू, जोगी डाबर, मूरत यादव, दीपक राजपूत, सगोनी, कुंजी मेहरा (शांति नगर) सहित शरद बेन (वारंटी), कुम्हारी को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों में हड़कंप की स्थिति है।



थाना प्रभारी ब्रजेश पांडे ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब सहित गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी

कार्यवाही

कमरे में रखे हुए थे लाखों के म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट, तत्कालीन कलेक्टर के निर्देश पर हुआ था सील

# नगर पालिका ने 11 साल बाद खोला सील बंद कमरा

**नवभारत,दमोह।** शहर के मानस भवन स्थित सील बंद कमरे को नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की मौजूदगी में 11 साल के लंबे अंतराल के बाद बुधवार दोपहर खोला गया है। इस कमरे के अंदर लाखों रुपए के म्यूजिक सिस्टम रखे हुए थे। जिसमें गड़बड़ी के आरोप लगने पर करीब 11 साल पहले इस कमरे को सील कर दिया गया था। वर्तमान कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर अब इस कमरे को पुन: खोला गया है। पीडब्ल्यूडी की लिस्ट के आधार पर सभी इंस्ट्रूमेंट जांचे गए हैं। जिसके बाद अब आगे बैठक बुलाकर निर्णय लिया जाएगा कि इन इंस्ट्रूमेंट का क्या किया जाएगा। दमोह नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि वर्ष 2015 में कलेक्टर के निर्देश पर मानस भवन का यह कमरा सील हुआ था। इस कमरे को वर्तमान कलेक्टर के निर्देश पर खोला गया है। जिसमें म्यूजिक सिस्टम रखे हुए थे। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा यह म्यूजिक सिस्टम नगर पालिका को हैंडोवर किए गए थे और पीडब्ल्यूडी की लिस्ट के अनुसार सभी म्यूजिक सिस्टम कमरे के अंदर पाए गए हैं जो सही और सुरक्षित हालत में है। अब इनका परीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा मानस भवन समिति की बैठक बुलाकर आगे निर्णय लिया जाएगा कि इन म्यूजिक सिस्टम का आगे क्या किया जाना है। आपको बता दें लगभग 11 साल पहले जब मानस भवन का निर्माण हुआ था उस समय लाखों रुपए के इंस्ट्रूमेंट यहां पर लगाए गए थे। लेकिन उस समय यह शिकायत सामने आई थी कि इन म्यूजिक सिस्टम को मानस भवन से गायब कर दिया गया है। जिसके बाद जांच समिति बनाई गई जांच जब आगे बड़ी तो रातों और रात यह म्यूजिक सिस्टम मानस भवन में वापस लाये गए। तभी से एक बंद कमरे के अंदर यह लाखों रुपए के म्यूजिक सिस्टम धूल खा रहे थे।



उस समय तत्कालीन कलेक्टर के द्वारा इस कमरे को म्यूजिक सिस्टम अंदर रखने के बाद सील कर दिया गया था। वर्तमान में जब दमोह कलेक्टर को जानकारी लगी तो उनके निर्देश पर कमरे को 11 साल के बाद खोला गया है। पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ भी इस कार्रवाई के दौरान मौजूद थी। उनके पास जो लिस्ट थी उस लिस्ट के आधार पर सभी इंस्ट्रूमेंट की लिस्ट बनाई गई है।

## कॉम्बिंग गश्त में पकड़े गए 25 बदमाश गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया

**नवभारत, दमोह।** रात्रि में कॉम्बिंग गश्त दौरान थाना तेंदूखेड़ा पुलिस द्वारा एसडीओपी तेन्दूखेड़ा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तेंदूखेड़ा और स्टाफ द्वारा कड़ी मेहनत कर रात्रि में कुल 25 गिरफ्तारी वारंट, एक स्थाई वारंट तामील कर वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। इसके साथ ही अवैध शराब पर बड़ी कारवाही करते हुए 3 प्रकरण दर्ज कर जिनमें 54 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई एवं लगभग 25 डिब्बा लगभग 350 लीटर महुआ लाहन नष्ट किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी सरोज ठाकुर , उनि गजराज सिंह, उनि संजय सिंह, प्रआर नरेंद्र, प्र आर बृजेश,आर नंदलाल,आर विजय,आर. राम मिलन, आर. नीरज, आर. विशाल ,आर. रणधीर, राजपूत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### नाम सुधार सूचना

मैं शपथकर्ता देवकीनंदन उम्र 43 वर्ष पिता श्री छोटेलाल सोनी निवासी: ग्राम सूनवराह, जिला दमोह (म.प्र.) 470881 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ:- 1. यह कि में उपरोक्त पते की मूल निवासी हूँ। 2. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड 3342 6115 1171 में पुत्र का नाम प्रिन्स सोनी दर्ज है। 3. यह कि मुझे मेरे पुत्र के सभी दस्तावेजो में प्रिन्स सोनी के स्थान पर राजा सोनी कराना है। 4. यह कि मुझे मेरे पुत्र राजा सोनी के नाम का गजट नोटिफिकेशन जारी कराना है। इस वास्ते शपथ पत्र पेश है।

शपथकर्ता